# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलज के एनआईसीयू में कल रात आग लगने से दस नवजात शिशुओं की मौत, सोलह घायल : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये जांच के आदेश।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झांसी दुर्घटना पर जताया दुख : प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख, प्रदेश सरकार की तरफ से दिये जायेंगे पांच–पांच लाख रूपये।
3. प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के लिये प्रचार तेज : मुख्यमंत्री ने फूलपुर, खैर, में की जनसभा और सीसामऊ व गाजियाबाद में किया रोड–शो।

और

4. प्रयागराज महाकुंभ–2025 के लिए साधू–संतों और अखाड़ों के बीच भूमि आवंटन का काम 19 नवम्बर तक किया जायेगा पूरा।

———————

झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात गहन देखभाल इकाई–एन.आई.सी.यू. में कल देर रात आग लगने से दस नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य बच्चे घायल हो गए। घटना में जान गंवाने वाले 10 नवजात शिशुओं में से तीन के शवों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी के मंडलायुक्त और डीआईजी से घटना की रिपोर्ट तलब की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने घटना में मारे गये नवजात शिशुओं के परिजनों के प्रति संवदेना व्यक्त की है। पेश है एक रिपोर्ट...

*झांसी में हुई दुर्घटना को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज मेडिकल कॉलेज का दौरा किया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मृतक शिशुओं की पहचान के लिए वे परिवारों के साथ संपर्क में है। उन्होंने कहा कि इस घटना की त्रिस्तरीय जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर दस नवजात शिशुओं में से तीन की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा।* बाइट उपमुख्यमंत्री...

*घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये गए। सात मजिस्ट्रेटी जांच होगी चौबिस घंटे के अंदर स्थानीय प्रशासन से प्राथमिक जांच रिपोर्ट देने के लिये कहा गया है कि 10 बच्चों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हुई है। सात बच्चों की शिनाख्त हो चुकी है, तीन की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। यदि आवश्यक हुआ तो हम डीएनए टेस्ट भी कराएँगे और हमारी सरकार पूरी कर रही है। पीड़ित बच्चों के साथ है। उनके परिवार के साथ है। इस दुख की घड़ी में और घटना की पुनरावृत्ति न हो इसी प्रकार की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।*

*महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात गहन देखभाल इकाई में हुई घटना के पीछे ऑक्सीजन कंसंट्रेटर में शॉर्टसर्किट को वजह माना जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल नरेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि घायल 16 बच्चे खतरे से बाहर हैं। विकास कुमार आकाशवाणी समाचार, झांसी।*

——————————

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य नेताओं ने रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झांसी में हुई घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने दुर्घटना में कई नवजात शिशुओं की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायल शिशुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना को हृदयविदारक बताते हुए कहा कि झांसी के मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुआ हादसा मन को व्यथित करने वाला है। पेश है एक रिपोर्ट...**

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य नेताओं ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख रूपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रूपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मृतक बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

——————————

**प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव प्रचार के लिए दो दिन का समय शेष है।**

सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज फूलपुर, सीसामऊ, खैर और गाजियाबाद सीटों के लिए भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर लोगों को बांटने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सीसामऊ सीट और गाजियाबाद सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मे रोड शो भी किया और पार्टी उम्मीदवार को जिताने की अपील की। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंझवा विधानसभा के शाहपुर चौसा मे सभा कर भाजपा प्रत्याशी के लिये वोट मांगे। उन्होंने सभा को सम्बाधित करते हुए सपा प्रमुख पर तंज कसा। उधर, समाजवादी पार्टी के सांसद और सपा के मझवा विधानसभा के प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने आज मिर्ज़ापुर मे एक प्रेस कांफ्रेंस की और उपचुनाव मे जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

——————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉ. अश्विन फर्नांडीस द्वारा लिखित पुस्तक "मोडियालॉग" का विमोचन किया। यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" के 100 एपिसोड पर आधारित है। इस अवसर पर राज्यपाल ने क्यू0एस0 एशिया रैंकिंग में स्थान

प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश के 18 विश्वविद्यालयों को सम्मानित किया।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश सरकार ने विद्यालय प्रबंध समितियों–एसएमसी के पुनर्गठन की प्रक्रिया तेज कर दी है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2022–23 के लिए गठित एसएमसी का कार्यकाल 30 नवंबर, 2024 को समाप्त हो रहा है। इस कारण सरकार ने नई समितियों के गठन का निर्णय लिया है। यह समितियां 30 नवंबर से पहले गठित कर ली जाएंगी और एक दिसंबर से कार्यशील हो जाएंगी। बेसिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि सरकार ने समितियों के कर्तव्यों को स्पष्ट किया गया है। इनमें विद्यालय की निगरानी, विकास योजना तैयार करना, धन का सदुपयोग सुनिश्चित करना, बच्चों का नामांकन और उपस्थिति, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति पर ध्यान देना शामिल है।

———————————

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण, साधु–संतों और अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन का कार्य प्रारंभ करने जा रहा है। भूमि आवंटन का कार्य सभी अखाड़ों की सहमति से 18 और 19 नवंबर को पूरा कर लिया जाएगा। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि किसी भी अखाड़े को पिछले कुंभ की तुलना में कम भूमि नहीं मिलेगी। पेश है एक रिपोर्ट...

*महाकुंभ–2025 में साधु–संतों और अखाड़ों के बीच भूमि आवंटन के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अधिकारी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद तथा अन्य सभी अखाड़ों के प्रतिनिधियों से अलग–अलग वार्ता कर उनकी सहमति से भूमि आवंटन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रहे हैं। अपर मेला अधिकारी ने भूमि आवंटन के बारे में बताते हुए कहा कि परंपरा अनुसार अखाड़ों को भूमि आवंटन के बाद ही अन्य संस्थाओं को भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी। चारों पीठों के शंकराचार्यों और दण्डी स्वामियों को भी परंपरा अनुसार उनके शिविर लगाने की भूमि आवंटित की जाएगी। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

———————————

बिजनौर के धामपुर इलाके में आज सुबह एक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। देहरादून–नैनीताल नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने एक थ्री व्हीलर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे म थ्री व्हीलर के चालक सहित सात लोगों की मौत हो गई। घायल कार सवारों को चिकित्सालय में भर्ती कराया

गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताया है।

—————————

रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम दूसरी पारी में 446 रन का स्कोर खड़ा करने के बावजूद मैच जीत नहीं सकी। टीम का कर्नाटक से रणजी मुकाबला आज ड्रॉ हो गया। कर्नाटक को मैच जीतने के लिए 261 रन बनाने थे लेकिन वह पांच विकेट पर सिर्फ 178 रन ही बना सकी। एक बार फिर यूपी की टीम को रणजी के मौजूदा सत्र में जीत नसीब नहीं हुई। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई एकाना स्टेडियम में एलीट ग्रुप सी के इस मुकाबले में पहली पारी में उत्तर प्रदेश में 89 रन बनाए थे जबकि कर्नाटक पहली पारी मे 275 रन बना कर आल आउट हो गया था। कर्नाटक के बल्लेबाज कृष्णन श्री जीत को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

—————————

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने अगले चार वर्षों के लिये उत्तर प्रदेश की ओलंपियन पूर्व एथलीट सुधा सिंह को एथलीट आयोग का सदस्य नामांकित किया है।

पद्मश्री और अर्जुन एवार्डी सुधा सिंह को एथलीट आयोग का सदस्य बनाये जाने पर तमाम खेल संघों के साथ एथलीट जगत के दिग्गज खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

—————————